दिन– मंगलवार दिनांक– 14 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 07.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी बिहार के नये मुख्यमंत्री होंगे। कल लोकभवन में होगा शपथ ग्रहण।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पद से दिया इस्तीफा। कहा – राज्य की नई सरकार को मिलता रहेगा मार्गदर्शन।

03. एनडीए के घटक दलों – भाजपा, जदयू, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने सम्राट चौधरी को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं।

04. और, कृतज्ञ राष्ट्र आज संविधान शिल्पी बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बिहार के नये मुख्यमंत्री होंगे। नई सरकार का शपथ ग्रहण कल पूर्वाह्न ग्यारह बजे लोकभवन में आयोजित किया जाएगा। हमारे संवाददाता ने बताया कि सम्राट चौधरी ने लोकभवन जाकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले, सम्राट चौधरी को सर्वसम्मति से एनडीए विधायक दल का नया नेता चुना गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्री चौधरी को नया नेता चुने जाने की घोषणा की और माला पहनाकर उनका अभिवादन किया। श्री कुमार ने कहा कि नई सरकार को उनका मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

–––साउंड बाइट–––

इससे पूर्व, भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित पार्टी विधायक दल की बैठक में सम्राट चौधरी विधायक दल के नेता चुने गए। पार्टी के वरिष्ठ नेता विजय कुमार सिन्हा ने उनके नाम का प्रस्ताव रखा। दिलीप जायसवाल ने प्रस्ताव का समर्थन किया। बैठक में पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षक शिवराज सिंह चौहान ने सम्राट चौधरी के नेता चुने जाने की घोषणा की।

–––साउंड बाइट–––

---

इससे पहले, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकभवन जाकर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन को अपना इस्तीफा सौंपा और मंत्रिमंडल भंग

करने की सिफारिश की। राज्यपाल ने इस्तीफा स्वीकार करते हुए उन्हें नई सरकार के गठन होने तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री बने रहने का निर्देश दिया। सोशल मीडिया पोस्ट में नीतीश कुमार ने यह जानकारी देते हुए कहा कि अब नई सरकार बिहार का काम देखेगी। श्री कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति धन्यवाद जताते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में बिहार ने काफी प्रगति की। उन्होंने बिहार के विकास में सहयोग के लिए सभी को धन्यवाद दिया।

---

इधर, राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री ने अपने इस्तीफे की औपचारिक जानकारी सहयोगियों को दी। बैठक के बाद कृषि मंत्री रामकृपाल यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि नई सरकार को उनका मार्गदर्शन मिलता रहेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा कि वे स्वेच्छा से अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं।

———साउंड बाइट———

---

मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी मिलने पर सम्राट चौधरी ने कहा कि यह उनके लिए केवल एक पद नहीं, बल्कि बिहार की जनता की सेवा, उनके विश्वास और सपनों को साकार करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन और जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में राज्य को विकास, सुशासन और समृद्धि के नये आयाम तक ले जाने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

———साउंड बाइट———

---

बिहार में दो दशक से अधिक लंबे समय तक एनडीए के सहयोगी की भूमिका में रहने के बाद भाजपा के सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने जा रहे हैं। आईए जानते हैं सम्राट चौधरी के राजनीतिक जीवन के बारे में...

——— रिपोर्ट———

तारापुरा से विधायक सम्राट चौधरी बिहार के नये मुख्यमंत्री होंगे। उनका राजनीतिक कैरियर राष्ट्रीय जनता दल से शुरू हुआ था। बाद में जदयू में भी शामिल हुए। वर्ष दो हजार अठारह में वे भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। पार्टी ने उनकी नेतृत्व क्षमता को देखते हुए उन्हें वर्ष, दो हजार उन्नीस में प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया। वर्ष दो हजार बीस में वे विधान परिषद के सदस्य बने। मार्च, दो हजार तेईस से जुलाई दो हजार चौबीस तक सम्राट चौधरी ने बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली। जनवरी दो हजार चौबीस में जब एक फिर नीतीश कुमार एनडीए में लौटे, तो सम्राट चौधरी को उपमुख्यमंत्री बनाया गया। नवम्बर, दो हजार पच्चीस में नई सरकार के गठन के बाद एक बार फिर उन्हें उपमुख्यमंत्री जिम्मेदारी सौंपी गयी और उन्हें गृह विभाग भी सौंपा गया। राजनीतिक परिवार में जन्मे सम्राट चौधरी की पहचान एक ऐसे नेता के रूप में रही है, जो अपने आक्रामक तेवर और सीधे संवाद के लिए जाने जाते हैं। नई जिम्मेदारी में

सम्राट चोधरी के लिए चुनौतियां भी काफी हैं। एक तरफ गठबंधन को साथ लेकर चलने की जिम्मेदारी है, तो दूसरी तरफ जनता की बढ़ती उम्मीदों को पूरा करने का दायित्व। समाचार कक्ष से निधि श्री।

---

एनडीए के घटक दलों – भाजपा, जदयू, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने सम्राट चौधरी को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने पर सम्राट चौधरी को बधाई दी है। श्री नबीन ने विश्वास जताया कि श्री चौधरी के नेतृत्व में बिहार प्रगति और समृद्धि के पथ पर अग्रसर होगा।

–––साउंड बाइट–––

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने सम्राट चौधरी को नई जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में बिहार लगातार प्रगति पथ पर आगे बढ़ेगा।

–––साउंड बाइट–––

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख और राज्यसभा सांसद उपेन्द्र कुशवाहा ने सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार विकास की नई कहानी लिखेगा।

–––साउंड बाइट–––

लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार के लिए अगला पांच साल स्वर्णिम काल होगा।

–––साउंड बाइट–––

हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने सम्राट चौधरी को बधाई देते हुए कहा कि वे नीतीश कुमार के कामों को आगे ले जायेंगे।

---

राजद के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने राज्य में नई सरकार के गठन पर कहा कि सम्राट चौधरी जनता के चुने हुए मुख्यमंत्री नहीं है। नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में जनता ने भाजपा को जनादेश नहीं दिया था।

———साउंड बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिलाओं के नीति–निर्माण और निर्णय लेने में सक्रिय भागीदारी से वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत की यात्रा का दृष्टिकोण और मजबूत होगा। भारत की नारी शक्ति को लिखे पत्र में श्री मोदी ने कहा कि सोलह अप्रैल को संसद, नारी शक्ति वंदन अधिनियम से संबंधित महत्वपूर्ण संवैधानिक संशोधन पर चर्चा और उसे पारित करने के लिए दोबारा सत्र शुरू करेगी। प्रधानमंत्री ने सदन में इस विधेयक के पारित होने की आशा व्यक्त की।

---

भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार बाबा साहेब डॉ. भीम राव आंबेडकर की एक सौ छत्तीसवीं जयंती पर राष्ट्र आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर देश भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

---

राजधानी पटना में पटना उच्च न्यायालय के पास स्थित डॉक्टर आम्बेडकर की प्रतिमा के पास राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और केंद्रीय मंत्री ललन सिंह समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्यों ने बाबा साहेब को श्रद्धाजंलि अर्पित की।

---

इधर, आम्बेडकर जयंती पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने आज पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन के पास लालू नगर में डॉक्टर आम्बेडकर की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर मंत्री रामकृपाल यादव और दीघा विधायक संजीव कुमार चौरसिया भी उपस्थित थे। वहीं, राष्ट्रीय लोक मोर्चा द्वारा आयोजित आम्बेडकर जयंती समारोह में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर, आकाशवाणी पटना में आयोजित कार्यक्रम में केंद्राध्यक्ष एच. डी. सिडाम और उपनिदेशक–समाचार अजय कुमार समेत अधिकारियों और कर्मचारियों ने डॉ. आम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित की। आम्बेडकर जयंती पर विभिन्न राजनीतिक दलों के कार्यालयों और स्वयंसेवी संस्थाओं में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पटना स्थित

इनर्जी इंटरनेशनल में संस्था के अध्यक्ष विजय नारायण झा की अध्यक्षता में भारतीय संविधान में बाबा साहेब के योगदान विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।

---

प्रदेश में लोक पर्व सतुआनी आज पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर सामूहिक रूप से मकई, चना और जौ का सत्तू, आचार, प्याज, चटनी और टिकोला के साथ खाने की परंपरा है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने सतुआनी पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इधर, मिथिलांचल में लोक पर्व जुड़–शीतल पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. भाजपा के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी बिहार के नये मुख्यमंत्री होंगे। कल लोकभवन में होगा शपथ ग्रहण।

02 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने पद से दिया इस्तीफा। कहा – राज्य की नई सरकार को मिलता रहेगा मार्गदर्शन।

03. एनडीए के घटक दलों – भाजपा, जदयू, लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने सम्राट चौधरी को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं।

04. और, कृतज्ञ राष्ट्र आज संविधान शिल्पी बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आम्बेडकर को उनकी जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।